# University in News on 18 March 2020

## HINDUSTAN LIVE

### शासन के निर्देश पर 2 अप्रैल तक के लिए टाली गईं सभी परीक्षाएं

# लविवि बंद, परीक्षाएं दो अप्रैल तक स्थगित




लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विवि की सभी परीक्षा दो अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी हैं। कोरोना वायरल के संक्रमण और शासन के निर्देशों के मद्देनजर मंगलवार को यह निर्देश जारी किए गए हैं।

इसमें, वार्षिक परीक्षाओं से लेकर पीएचडी प्रवेश परीक्षा तक शामिल है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि इन परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www. lkouniv. ac. in** पर अपलोड किया जाएगा। बता दें कि, लखनऊ विश्वविद्यालय ने 16 मार्च से अपनी वार्षिक और पीएचडी प्रवेश परीक्षा की शुरुआत की थी। लविवि सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) कोरोना के संक्रमण और छात्र, शिक्षक व कर्मचारियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर लगातार परीक्षाओं को टालने की मांग कर रहा था। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए परीक्षा शुरू कर दी। इसको लेकर शिक्षक बहिष्कार पर चले गए थे।

**सेंट्रल मेस बंद, छात्रों को घर जाने का सुझावः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सेंट्रल मेस बंद कर दी है। बुधवार सुबह से छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को यहां से खाना नहीं मिल सकेगा। विश्वविद्यालय के दो अप्रैल तक बंद होने के कारण यह फैसला लिया गया है। ऐसे में छात्रों को अपने घर जाने या अपने स्थानीय अभिभावक के घर जाने की सलाह दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने छात्रों को सलाह

#### विश्वविद्यालय प्रशासन के फैसले का स्वागत



शिक्षकों और छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के इस फैसले का स्वागत किया है। लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पाण्डेय और महामंत्री डॉ. अंशू केडिया ने कहा कि छात्रों, शिक्षक और कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए यह बेहद जरूरी है। विश्वविद्यालय को पहले ही यह कदम उठाना चाहिए था।

# एमएससी कम्प्यूटर साइंस की शुरुआत

**लखनऊ विवि**

- प्रवेश 2020-21 प्रक्रिया में बदलावः अस्पताल प्रशासन में 60 प्रतिशत का इजाफा

लखनऊ | निज संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने इस बार एमएससी कम्प्यूटर साइंस पाठ्यक्रम की शुरुआत करने जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गई आवेदन प्रक्रिया में इसे शामिल किया गया है। कुल 20 सीट पर प्रवेश लिए जाएंगे। चार सेमेस्टर का यह कोर्स है। प्रति सेमेस्टर फीस 15 हजार रुपये निर्धारित की गई है।

इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने कई पाठ्यक्रमों में बदलाव किया है। ज्योतिर्विज्ञान के परास्नातक पाठ्यक्रम की सीट को 30 से घटाकर 20 कर दिया है। इसी तरह, एमएससी इन फुड प्रोसेसिंग की सीट 50 से घटाकर 30 कर दी गई है। हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम में सीट बढ़ाई गई हैं। इस सेल्फ फाइनेंस पाठ्यक्रम में अब 25 के स्थान पर 40 सीट पर प्रवेश लिए जाएंगे। एम.ए भूगोल, एमए फ्रेंच, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी की सीट भी घटाई गई हैं। एम.ए भूगोल की सीट 100 से घटकर 60, एमए फ्रेंच की 40 से घटाकर 10 और एमएससी फूड टेक्नोलॉजी की सीट को 50 से घटाकर 30 कर दी गई है। वहीं, एमए जर्नलीज्म की सीट 45 से बढ़ाकर 50 और बी.कॉम ऑनर्स की सीट को 100 से बढ़ाकर 180 कर दी गई है।

#### दिव्यांग अभ्यर्थियों को अतिरिक्त आरक्षण

विश्वविद्यालय ने दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त आरक्षण की व्यवस्था कर दी है। इनके लिए अब 3 के स्थान पर 5 सीट आरक्षित रहेंगी। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनिल मिश्र ने बताया कि सरकार के प्राक्धानों के हिसाब से यह बदलाव किया गया।

#### ईडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र

इस बार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ पाने के लिए प्रमाण पत्र भी अपलोड करना होगा। इसमें, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र और स्व घोषणा पत्र अपलोड करना होगा।

## DAINIK JAGRAN

# लविवि में वार्षिक व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा निरस्त

### नया परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर जल्द होगा जारी

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** सरकारी निर्देश के बाद लविवि प्रशासन की ओर से पीएचडी प्रवेश परीक्षा और वार्षिक परीक्षा को निरस्त कर दिया गया है। परीक्षा संबंधी नई तारीख की घोषणा जल्द ही विवि की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय व संबद्ध महाविद्यालयों में पीएचडी प्रवेश परीक्षा और वार्षिक परीक्षाएं 16 मार्च से शुरू हुई थी। लविवि प्रशासन ने पहले दिन सतर्कता के बीच सोमवार को दोनो परीक्षाएं कराई। मंगलवार को स्थानीय अवकाश के चलते विश्वविद्यालय व महाविद्यालय में अवकाश रहा। इधर दोपहर में सरकार के आदेश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने दोनों परीक्षाओं को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया।

**एकेटीयू में पुनर्परीक्षा निरस्तः** एकेटीयू ने भी मंगलवार को निर्देश जारी कर रेगुलर विषयों की कराई जा रहे री इग्जाम का निरस्त कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार ने बताया कि विषम सेमेस्टर में सामूहिक नकल उजागर होने के बाद रेगुलर विषयों के 13 मार्च से 23 मार्च के बीच कराई जा रही पुनर्परीक्षा को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दी गई हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 मार्च से होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं।



> पीएचडी व वार्षिक परीक्षाएं निरस्त कर दी गई हैं। परीक्षा शेड्यूल जल्द विवि की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।
>
> **दुर्गेश श्रीवास्तव,** प्रवक्ता, लखनऊ विश्वविद्यालय

> 18 मार्च से दो अप्रैल तक के बीच होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। नया परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जल्द जारी किया जाएगा। **–एके मिश्रा,** परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विवि